an>

title: Need to open a Kendriya Vidyalaya or Sainik School in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) ः मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जालौन गरौठा भोगनीपुर में बहुत सारे केन्द्रीय कर्मचारियों के परिवार रहते हैं। सरकार को अवगत कराना चाहेंगा कि जो केन्द्रीय कर्मचारी मेरे संसदीय क्षेत्र में निवास करते हैं उनमें विशेष रूप से देश सेवा कर रहे सैनिकों की संख्या अधिक है हमारे यहां जितने भी सैनिकें के परिवार रहते हैं उनके बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए कोई भी उच्च स्तरीय विद्यालय नहीं है। मैं सरकार को बताना चाहेंगा कि आज़ादी के इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद मेरे संसदीय क्षेत्र में न तो कोई भी केन्द्रीय विद्यालय है और न ही कोई सेंट्रल युनिवर्सिटी। मैं हमेशा से अपने संसदीय क्षेत्र में शिक्षा के विकास की मांग करता रहा हॅू। अतः मेरी सरकार से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय अथवा एक सैनिक स्कूल खोला जाए ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र के सैनिकों के परिवारों को भी उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त हो सके।